This Question Paper consists of 20 questions [Section–A (16) + Section–B (2+2)] and 12 printed pages + 2 Outline Maps.

इस प्रश्न-पत्र में 20 प्रश्न [खण्ड–अ (16) + खण्ड–ब (2+2)] तथा 12 मुद्रित पृष्ठ + 2 रेखा मानचित्र हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No.
कोड नं० **56 / HIS / 2**

Set/सेट **A**

HISTORY
इतिहास
(315)

Day and Date of Examination .....
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

General Instructions :

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 56/HIS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड नं० 56/HIS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिन्दी/अंग्रेजी में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

HISTORY

इतिहास

(315)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper consists of *two* Sections, viz., 'A' and 'B'.

(ii) *All* questions from Section 'A' are to be attempted.

(iii) Section 'B' has two options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iv) Answer Question Nos. **1** to **4** in not more than *20* words each, Question Nos. **5** to **11** and **17** in not more than *80* words each and Question Nos. **12** to **15** and **18** in not more than *200* words each.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है।

(iii) खण्ड 'ब' में दो विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर *20* शब्दों में, प्रश्न संख्या **5** से **11** तक के प्रत्येक प्रश्न तथा **17** का उत्तर *80* शब्दों में और प्रश्न संख्या **12** से **15** तक के प्रत्येक प्रश्न तथा **18** का उत्तर *200* शब्दों में दीजिए।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. Who was the first Mauryan king to issue inscriptions? In which language were they written? 2

कौन-सा पहला मौर्य राजा था जिसने अभिलेख जारी किए? ये किस भाषा में लिखे गए थे?

2. What informations do Megalith graves yield about the culture of the period? 2

महापाषाणिक कब्रें अपने समय की संस्कृति के बारे क्या सूचनाएँ देती हैं?

3. How were 'Khalisa' and 'Jagir' lands different? 2

'खालिस' तथा 'जागीर' भूमियाँ किस प्रकार भिन्न थीं?

4. How did the opening of the 'Second Front' during the Second World War lead to the defeat of Germany? 2

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 'द्वितीय मोरचा' प्रारम्भ हो जाने से किस प्रकार जर्मनी हार की ओर अग्रसर हुआ?

5. Why is Harappan culture called an 'urban culture'? Support your answer with any *two* examples. 4

OR

Examine the reasons for the expansion of the Aryan culture during the Later Vedic period. 4

हड़प्पाई संस्कृति को 'नगरीय संस्कृति' क्यों कहा जाता है? किन्हीं **दो** उदाहरणों से अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

अथवा

उत्तर-वैदिककाल के दौरान आर्य संस्कृति के विस्तार के कारणों की जाँच कीजिए।

6. Describe the military organization of the Vijayanagar Empire. 4

OR

Explain any *four* reasons for Humayun's failure in his fight against Sher Shah Suri. 4

विजयनगर साम्राज्य की सैनिक व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

अथवा

शेरशाह सूरी के साथ युद्ध में हुमायूँ की हार के किन्हीं **चार** कारणों की व्याख्या कीजिए।

7. To what extent were the social reform movements in India in the 19th century successful in addressing issues concerning women? 4

OR

How did the arrangement of the Dual Government help the British to consolidate their hold over Bengal? 4

19वीं शताब्दी में भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन किस हद तक महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर सफल हुए?

अथवा

दोहरी शासन प्रणाली ने किस प्रकार बंगाल पर कब्जा जमाने में ब्रिटिश की सहायता की?

8. Explain any *two* points of difference between the birth of European Nationalism and the rise of Indian National Consciousness. 4

OR

Why is the year 1947 said to be 'a year both of triumph and tragedy' in modern Indian history? 4

यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय तथा भारत में राष्ट्रीय चेतना के उदय के मध्य किन्हीं **दो** बिन्दुओं पर विभेदों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

आधुनिक भारतीय इतिहास में वर्ष 1947 को 'विजय तथा त्रासदी दोनों का वर्ष' क्यों कहा जाता है?

9. Why and how did the Soviet Union promote collectivization of small farms? 4

OR

Explain how the imperialist rivalries over the possession of colonies was a major reason for World War I. 4

छोटे खेतों के सामूहिकीकरण को सोवियत संघ ने क्यों और कैसे बढ़ावा दिया?

अथवा

व्याख्या कीजिए कि उपनिवेशों के आधिपत्य पर साम्राज्यवादी प्रतिद्वंद्विताएँ कैसे प्रथम विश्व युद्ध का मुख्य कारण बन गया।

10. What changes in the Economic Policy of China since 1980 have manifested in their economic status today? Explain. 4

OR

"Besides science, 20th century has also seen the growth of new forms of art." Explain with respect to painting. 4

1980 से चीन की आर्थिक नीति में कौन-से परिवर्तनों ने उसकी आज की आर्थिक प्रस्थिति को व्यक्त किया है? व्याख्या कीजिए।

अथवा

''विज्ञान के अतिरिक्त, 20वीं शताब्दी ने भी कला के नए रूपों की वृद्धि को देखा है।'' चित्रकला के संदर्भ में व्याख्या कीजिए।

11. What issues concerning Germany had to be resolved in the Potsdam Conference? Explain. 4

OR

Mention any *four* significant changes that have come about in the family as an institution due to capitalist industrialization. 4

पोट्सडैम सम्मेलन में जर्मनी से संबंधित किन मुद्दों के हल होने थे?

अथवा

पूँजीवादी उद्योगीकरण के परिणामस्वरूप परिवार की संस्था में आए किन्हीं **चार** महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए।

12. Discuss the changes in the social structure of society during the Gupta period with special reference to the position of Brahman as proliferation of castes and the position of women. 10

OR

Discuss giving examples the main features of the three Buddhist Schools of Art. 10

गुप्त काल के दौरान सामाजिक संरचना में आए परिवर्तनों पर चर्चा कीजिए, ब्राह्मणों की प्रस्थिति, जातियों में वृद्धि स्वरूप तथा महिलाओं की प्रस्थिति के विशेष संदर्भ में।

अथवा

बौद्ध मूर्तिकला की तीन शैलियों की मुख्य विशेषताओं पर उदाहरण देते हुए चर्चा कीजिए।

13. Describe the main teachings and philosophy of Guru Nanak. 10

OR

Describe the organization of craft production in medieval India. 10

गुरु नानक की मुख्य शिक्षाएँ तथा सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

अथवा

मध्यकालीन भारत में शिल्प उत्पादन की व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

14. What were the reasons for the growing resentment of the Indian soldiers against the British? What was the immediate cause of the Revolt of 1857? Why do some scholars not consider the Revolt to be a mere Sepoy Mutiny? 5+3+2=10

OR

With what objectives did Lord Cornwallis introduce the Permanent Settlement in Bengal? What were its features? What was its impact on the rural peasantry? 3+5+2=10

ब्रिटिश के विरुद्ध भारतीय सैनिकों के बढ़ते रोष के क्या कारण थे? 1857 के विद्रोह का तत्कालीन कारण क्या था? कुछ इतिहासकार इसे केवल सैनिक विद्रोह क्यों नहीं मानते?

अथवा

किन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु लॉर्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल में स्थायी बंदोबस्त की शुरुआत की? इसके क्या लक्षण थे? ग्रामीण किसानों पर इसका क्या प्रभाव पड़ा?

15. Explain the differences between moderates and extremists with respect to their aims, methods and achievements in the Indian National Movement. 10

OR

Explain the role of revolutionary nationalists in the early 20th century with respect to their aims, methods and achievements in India's freedom struggle. 10

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में नरमपंथियों तथा गरमपंथियों के बीच उनके उद्देश्य, तरीके तथा प्राप्तियों के संदर्भ में विभेदों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में 20वीं शताब्दी के प्रारम्भ में क्रांतिकारी राष्ट्रवादियों की उनके उद्देश्य, तरीकों तथा प्राप्तियों के संदर्भ में उनकी भूमिका की व्याख्या कीजिए।

16. *(a)* On the given political outline map of India (Page No. 13), mark and name the following :

(i) *Two* major Pillar Edicts of Ashoka 2

(ii) 1. Extent of Akbar's Empire 2

2. Agra 1

3. Pune 1

(iii) One territory which signed the Subsidiary Treaty with the British 1

(iv) The place where Gandhiji broke the Salt Law 1

(v) Chola Capital—Thanjavur 1

OR

Himachal Pradesh 1

(b) On the given political map of Europe (Page No. 15), locate and name London. 1

(क) दिए गए भारत के राजनैतिक आरेखीय मानचित्र पर (पृष्ठ सं० 13), निम्नलिखित को नाम सहित चिह्नित कीजिए :

(i) अशोक के **दो** मुख्य स्तम्भ अभिलेख स्थल

(ii) 1. अकबर के साम्राज्य का विस्तार

2. आगरा

3. पुणे

(iii) एक राज्य जिसने ब्रिटिश के साथ सहायक संधि पर हस्ताक्षर किया

(iv) वह स्थल जहाँ गांधीजी ने नमक कानून तोड़ा

(v) चोल राजधानी—तंजावुर

अथवा

हिमाचल प्रदेश

(ख) यूरोप के दिए गए राजनैतिक मानचित्र (पृष्ठ सं० 15) में लंदन को चिह्नित कीजिए व नाम लिखिए।

Note : The following questions are for the *Visually Impaired Candidates* only in lieu of Question No. **16** :

(a) Name any *two* major Pillar Edicts of Ashoka. 2

(b) *(i)* Who introduced Chahalgani? 1

(ii) Who was Bairam Khan? 1

(iii) What was the significance of the Second Battle of Panipat? 2

(c) Name any *one* territory that signed Subsidiary Treaty with the British. 1

(d) Where did Gandhiji break the Salt Law? 1

(e) Who introduced the Permanent Settlement? 1

OR

Upma is the famous dish of which part of India? 1

(f) The invasion of which country by Germany marked the beginning of the Second World War? 1

निर्देश : नीचे दिए गए प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **16** के स्थान पर हैं :

(क) अशोक के किन्हीं **दो** मुख्य स्तम्भ अभिलेखों के नाम लिखिए।

(ख) *(i)* चहलगनी कौन लाया?

(ii) बैरम खान कौन था?

(iii) पानीपत की दूसरी लड़ाई का क्या महत्त्व था?

(ग) किसी **एक** राज्य का नाम लिखिए जिसने ब्रिटिश के साथ सहायक संधि पर हस्ताक्षर किया।

(घ) गांधीजी ने नमक कानून कहाँ तोड़ा?

(ङ) स्थायी बंदोबस्त किसने शुरू किया?

अथवा

उपमा भारत के किस क्षेत्र का प्रसिद्ध व्यंजन है?

(च) जर्मनी द्वारा किस देश के आक्रमण पर द्वितीय विश्व युद्ध प्रारम्भ हो गया?

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Evolution of State)

(राज्य का विकास)

17. Mention *two* points of difference between the Republican and Monarchical Mahajanapadas. 4

OR

Mention *four* features of the Indian Civil Service introduced by the British. 4

गणतंत्रीय तथा राजतंत्रीय महाजनपदों के मध्य **दो** विभेदों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

ब्रिटिश द्वारा शुरू की गई भारतीय सिविल सेवा के **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

18. "The Mauryan administration had a vast bureaucracy and a highly centralized administration." Explain. 10

OR

Explain the composition of the Mughal nobility under Akbar and the role played by it in Mughal polity. 10

''मौर्य प्रशासन के पास विशाल नौकरशाही तथा अत्यधिक केन्द्रीकृत प्रशासन था।'' व्याख्या कीजिए।

अथवा

अकबर के अधीन मुगल कुलीन वर्ग की संरचना की व्याख्या कीजिए तथा मुगल राज्यतंत्र में इसने क्या भूमिका निभायी, व्याख्या कीजिए।

OPTION–II

विकल्प–II

(Culture of India)

(भारतीय संस्कृति)

17. Explain how cultural expressions are connected with religion. 4

OR

Describe the cave paintings of the early man in India. 4

व्याख्या कीजिए कि संस्कृति की अभिव्यक्ति कैसे धर्म से जुड़ी हुई है।

अथवा

भारत में प्रारंभिक मानव की गुफा चित्रकला का वर्णन कीजिए।

18. Discuss the various techniques and colours used in textile production in India that reflect our culture. 10

OR

Explain the significance of folk and classical music as one of the important forms of expression of Indian culture. 10

भारत में वस्त्र उत्पादन में व्यवहृत विभिन्न तकनीकों तथा रंगों के उपयोग पर चर्चा कीजिए जिनसे हमारी संस्कृति प्रतिबिम्बित होती है।

अथवा

भारतीय संस्कृति की अभिव्यक्ति के एक महत्त्वपूर्ण रूप में लोक तथा शास्त्रीय संगीत की सार्थकता की व्याख्या कीजिए।

★ ★ ★






Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Attach this map with your answer-book
इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें

INDIA - OUTLINE



BLANK PAGE

Roll No.
अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

Attach this map with your answer-book
इस मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें

EUROPE - OUTLINE



BLANK PAGE